नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''

# महाराणाप्रतापस्नातकोत्तरमहाविद्यालय

## जंगल धूसड़-गोरखपुर

मो. : 7897475917, 9794299451
Website: www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com

स्थापित २००५ ई.

पत्रांक : ...................                                                                                    दिनांक 11.10.2018

## प्रकाशनार्थ

प्रसिद्ध समाज सेवी, भारतीय स्वतंत्रता, संग्राम सेनानी, राजनेता, लोकनायक जय प्रकाश नारायण जी सम्पूर्ण क्रान्ति के जनक थे। इन्दिरा गाँधी के प्रधानमंत्रित्व काल में आपातस्थिति लागू की गयी जिसका जय प्रकाश जीने विरोध किया। वे इंदिरा जी के प्रशासनिक नीतियों के विरूद्ध थे। आपातकाल के पश्चात जेल से मुक्त होकर उन्होने सभी विपक्ष को एकजुट किया तथा 1977 में इंदिरा गाँधी को चुनाव में हरा दिया। उपर्युक्त बातें महाराणा प्रताप पी0जी0 कालेज, जंगल धूसड़ में जयप्रकाश नारायण जयन्ती अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में व्याख्यान देते हुए रक्षाअध्ययन विभाग के प्रवक्ता डॉ0 रमाकान्त दूबे ने कही। उन्होंने आगे कहा कि जयप्रकाश जी ने सम्पूर्ण क्रान्ति का अवाह्न किया जिसमें राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, बौद्धिक, शैक्षणिक व आध्यात्मिक क्रान्ति सन्निहित थी। सम्पूर्ण क्रान्ति की तपिश इतनी भयानक थी कि केन्द्र में कॉंग्रेस का सत्ता से हाथ धोना पड़ा। डॉ0 रमाकान्त दूबे ने कहा कि जयप्रकाश नारायण जी को 1965 में मैगससे पुरस्कार तथा 1990 में मरणोपरान्त भारत रत्न से सम्मनित किया गया। जयप्रकाश जी ने सत्याग्रह तथा भारत छोड़ो आन्दोलन में सक्रियता के साथ भाग लिया। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान हथियारों के उपयोग को सही समझा तथा नेपाल जाकर आजाद दस्ते का गठन किया एवं प्रशिक्षित किया। उन्होंने महात्मा गाँधी एवं नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के बीच सुलह का भी प्रयास किया। कार्यक्रम में श्री प्रतीक कुमार दास, सुश्री अनुभा श्रीवास्तव, सुश्री किरन सिंह, डॉ0 आरती सिंह, सुश्री पल्लवी नायक, सुश्री नूपुर शर्मा, डॉ0 सौरभ सिंह, श्री सुबोध मिश्र, डॉ0 अभिषेक वर्मा, डॉ0 अविनाश प्रताप सिंह, डॉ0 कृष्ण कुमार पाठक, डॉ0 यशवन्त राव, डॉ0 विजय कुमार चौधरी सहित शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

उधर वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा ''पर्यावरण प्रदूषण एवं संरक्षण'' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वनस्पति विभाग के प्रभारी डॉ0 अभय कुमार श्रीवास्तव ने प्रस्ताविकी रखते हुए कहा कि पोस्टर प्रतियोगिता विद्यार्थियों के पाठयक्रम अध्ययन का एक गैर पारम्परिक विधि है जिसमें करके सीखा जाता है। पोस्टर प्रतियोगिता भी ऐसे प्रयासों का एक प्रमुख हिस्सा है। पोस्टर बनाना एक अधिगम है, जो विद्यार्थियों को सीखने का अवसर प्रदान करता है। ''पर्यावरण प्रदूषण एवं संरक्षण'' विषय पर जागरूकता हेतु स्वस्थ प्रतिस्पर्धा से बेहतर और कुछ नहीं हो सकता है। निर्णायक मंडल में सुश्री आम्रपाली वर्मा, डॉ0 अखिलेश कुमार गुप्ता एवं सुश्री अंजली सिंह थे। प्रतियोगिता में बी0एस–सी0 प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष तथा एम0एस–सी प्रथम वर्मा के साथ कुल 46 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता परिणाम निम्नवत् है– **बी0एस–सी0 प्रथम वर्ष–** प्रथम स्थान–महिमा विश्वकर्मा, द्वितीय स्थान–शालिनी सिंह, तृतीय वर्ष–स्मृति, **बी0एस–सी0 द्वितीय वर्ष–** प्रथम स्थान–सरिता पटेल, द्वितीय स्थान–रागिनी राय, तृतीय स्थान– दीपशिखा सिंह, **बी0एस–सी0 तृतीय वर्ष–** प्रथम स्थान–सोनल दूबे, द्वितीय स्थान–आरती गौड़, तृतीय स्थान–अंजली सिंह, **एम0एस–सी0 प्रथम वर्ष–** प्रथम स्थान–अंजू गुप्ता, द्वितीय स्थान– जागृति धर दूबे, तृतीय स्थान–निधि श्रीवास्तव रहें।

(डॉ0 राजेश शुक्ला)
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी